GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार
OFFICE OF THE Pr. Commissioner of Income, DHANBAD
कार्यालयः प्रधान आयकर आयुक्त, धनबाद
प्रथम मंजिल, आयकर भवन/ 1st FLOOR, AYAKAR BHAWAN
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद- 826001 / LUBY CIRCULAR ROAD, DHANBAD-826 001
E-mail: dhanbad.ito.hq@incometax.gov.in

## नीलामी अधिसूचना

विभागीय नीलामी समिति, कार्यालयः प्रधान आयकर आयुक्त, आयकर भवन, लूबी सर्कूलर रोड, धनबाद के द्वारा 49 पुराने एयर कंडीशनर (26 विंडो एवं 23 स्पलिट) व 209 पुराने पंखे (सिलिंग फैन) की सार्वजनिक नीलामी हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। नीलामी फॉर्म एवं नियम व शर्ते संयुक्त आयकर आयुक्त, रेंज-1, धनबाद सह अध्यक्ष, विभागीय नीलामी समिति के कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार) में सुबह 11:00 बजे से संध्या 05:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है। सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र एवं नियम व शर्ते को आयकर विभाग की वेबसाइट www.incometaxindia.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है। पूर्ण तरीक से भरी हुई सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र दिनांक 16.12.2022 को संध्या 05:00 बजे तक जमा किया जा सकता है। सार्वजनिक नीलामी दिनांक 19.12.2022 को दोपहर 12:30 बजे भूतल, आयकर भवन, धनबाद में आयोजित की जाएगी। उपरोक्त समानों की सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र के साथ Caution Money Deposit (CMD) (26 विंडो एसी के लिए 5,200/-, 23 स्पलिट एसी के लिए 5,750/- एवं 209 सिलिंग फैन के लिए 4,180/-) डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जो 'ZAO, CBDT, Patna' के पक्ष (favour) में 'Patna' में देय हो, संलग्न करना अनिवार्य है। वैसे बोलीदाता (bidders) जिन्होनें दिनांक 16.12.2022 तक सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र नहीं भरा है, वे भी उपरोक्त वर्णित डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में Caution Money Deposit (CMD) जमा कर उक्त तिथि को नीलामी स्थल पर उपस्थित होकर नीलामी प्रकिया में भाग ले सकते हैं। प्रधान आयकर आयुक्त, धनबाद नीलामी को बिना कोई कारण बताए रद्द करने व स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

O/o The I.T.O. Ward-II (I), Dhanbad

ह0/-
(जे. जे. अंसारी)
वार्ड-2(1), धनबाद-सह-
सदस्य सचिव, नीलामी समिति।

<u>बोलीदाताओं के लिए अनुदेश</u>

1) बोलीदाताओं (Bidders) को सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र (Public Auction Participation Form) जमा करना होगा, जिसके ऊपर बोली लगाने वाले का नाम, कोड संख्या और समान का नाम लिखा होना चाहिए।

2) बोलीदाताओं को बोली जमा करने से पहले बेची जाने वाली संपत्ति का निरीक्षण करने के लिए आमंत्रित, आग्रह और आगाह किया जाता है। किसी भी बोलीदाता की पेशकश की गई संपत्ति के सभी या किसी हिस्से की स्थिति के निरीक्षण करने या पूरी तरह से सूचित करने में विफलता, बोली खोलने या नीलामी के बाद समायोजन या बोली को वापस लेने के लिए किसी भी दावे या मांग के लिए आधार नहीं बनेगी।

3) सभी बोलीदाताओं को नीलामी में भाग लेने से पहले समान का विवरण की सत्यता के बारे में खुद को संतुष्ट करना चाहिए। नीलामी के समय या उसके बाद किसी भी समय इस संबंध में कोई पुछताछ या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। एक बार जब किसी संपत्ति को उच्चतम बोली लगाने वाले के लिए सफल घोषित कर दिया जाता है, तो यह माना जाएगा कि उसको संपत्ति के शीर्षक, विवरण आदि पर कोई भी आपत्ति नहीं है।

4) सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र उस पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति के द्वारा स्पष्ट रूप से भरी जाएंगी और यह मैन्युअल रूप से हस्ताक्षरित होनी चाहिए।

5) बोली तैयार करने में बोलीदाता की ओर से की गई लापरवाही बोली को वापस लेने या संशोधन का अधिकार नहीं देती है।

6) सभी बोलीदाताओं (Bidders) को सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र भरकर इसे संयुक्त आयकर आयुक्त, रेंज-1, प्रथम तल्ल, आयकर भवन, धनबाद-86001 को पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जाना चाहिए ताकि दिनांक 16.12.2022 तक इनके कार्यालय में पहूंच जाए या इनके कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर जमा की जानी चाहिए।

इसमें निम्नलिखित विवरण शामिल होना चाहिएः-

- कम्पनी/व्यक्ति का पैन कार्ड
- व्यक्तिओं के लिए आधार कार्ड/वोटर आईडी कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/पासपोर्ट
- Caution Money Deposit का विवरण
- जिस समान के लिए भाग ले रहें हैं उसका नाम व कोड संख्या
- पत्ता, मोबाइल नम्बर व ई-मेल आइडी

O/o The I.T.O. Ward-II (I), Dhanbad

7) पुरी तरह से भरी हुई सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र डिमाण्ड ड्राफ्ट या क्रॉसड बैंकर्स पे ऑर्डर के रूप में Caution Money Deposit के साथ संयुक्त आयकर आयुक्त, रेंज–1, धनबाद के कार्यालय में दिनांक 16.12.2022 को संध्या पाँच बजे तक जमा करना है। सार्वजनिक नीलामी दिनांक 19.12.2022 को दोपहर 12:30 बजे भूतल, आयकर भवन, धनबाद में आयोजित की जाएगी। उसमें नीलामीदाताओं को बोली लगाने हेतु उपस्थित होना पड़ेगा। यदि बोलीकर्ता इसके लिए स्वयं उपस्थित होने में सक्षम नहीं हैं, तो वह भागीदारी के लिए अपने प्रतिनिधि को प्राधिकृत पत्र के साथ भेज सकते हैं।

8) अलग–अलग सामानों के लिए नीलामीकर्ता को अलग–अलग सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र भरना होगा। Caution Money Deposit के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट या क्रॉसड बैंकर्स पे ऑर्डर भी अलग–अलग सामानों के लिए अलग–अलग संलग्न करना होगा। नीलामी किसी एक सामान यथा स्पलिट एसी, विंडो एसी इत्यादि के सभी इकाईयों के लिए एक साथ होगी।

O/o The I.T.O. Ward-II (I) Dhanbad

# सामान्य नियम और शर्ते

1. समान की बिक्री प्रधान आयकर आयुक्त, धनबाद के निर्देशों के अधिन "जहाँ है जैसी है" और "जैसी है जो है" के आधार पर की जा रही है तथा सीलबंद निविदा-सार्वजतिक नीलामी उनके द्वारा पुष्टि के अधीन है।

2. समान से संबंधित प्रासंगिक निरीक्षण 12.12.2022 से 13.12.2022 तक कार्यालय समय के दौरान संयुक्त आयकर आयुक्त, रेंज-1, धनबाद के कार्यालय में किया जा सकता है।

3. अनिवासी भारतीयों (NRIs) द्वारा समान की निविदा/बोली या खरीद भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों और विनियमों और अन्य कानूनों के अधिन है।

4. अवयस्क या पागल व्यक्ति को छोड़कर कोई भी व्यक्ति जो अनुबंध करने के लिए सक्षम है, सार्वजनिक नीलामी में भाग ले सकता है।

5. सभी बोलीदाताओं को पहले यह घोषित करना आवश्यक है कि क्या वे स्वयं के लिए भाग ले रहें हैं या अपने principals की ओर से भाग ले रहें हैं। जब एक बोलीदाता केवल एक एजेंट के रूप में कार्य कर रहा है, तो उसे सार्वजतिक नीलामी में भाग लेने हेतु अपने प्रिंसिपल से एक प्राधिकार जमा करना होगा जो सत्यापन के अधिन होगा।

6. बिना उचित जमा राशि के कोई भी नीलामी प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकता है।

7. सार्वजतिक नीलामी में भाग लेने वाले सभी इच्छुक बोलीदाताओं को तालिका-2 में दी गई अनुसूची के अनुसार नीलामीकर्ता के पास किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट या क्रॉसड बैंकर्स पे ऑर्डर के माध्यम से एक वापसी योग्य Caution Money Deposit (CMD) जमा करना आवश्यक है, जो "ZAO, CBDT, Patna" के पक्ष में आहरित(drawn) हो।

8. इच्छुक बोलीकर्ता, जो सीधे नीलामी स्थल पर संबंधित संपत्ति के लिए सार्वजनिक नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना चाहते हैं, वे नीलामीकर्ता के पास, किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट या क्रॉसड बैंकर्स पे ऑर्डर जो "ZAO, CBDT, Patna" के पक्ष में आहरित(drawn) हो, के माध्यम से CMD राशि के भुगतान के बाद ही नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। यह केवल सफल बोलीकर्ता को छोड़कर, असफल बोलीकर्ताओं को नीलामी प्रक्रिया के समापन पर वापस कर दिया जाएगा।

9. यदि संबंधित बोलीकर्ता नीलामी प्रक्रिया के संचालन में गड़बड़ी या बाधा उत्पन्न करता है या करने का प्रयास करता है तो CMD राशि को जब्त किया जा सकता है।

10. सार्वजनिक नीलामी की बोली लगाने के दौरान बोलीकर्ता "बोली वृद्धिशील मूल्य (Bid Incremental Value)" (ऊपर उल्लिखित) या इसके गुणक के अनुसार अपनी बोली राशि में सुधार कर सकते हैं और यदि बोली क्जोजिंग

O/o The I.T.O. Ward-II (I), Dhanbad

टाइम के अंतिम 2 मिनट के दौरान रखी जाती है तो क्लोजिंग टाइम अपने आप 3 मिनट (हर बार नीलामी प्रक्रिया के बंद होने तक) के लिए बढ़ जाएगी अन्यथा, यह स्वतः बंद हो जाएगी।

11. समकालिक (simultaneous) नीलामी प्रक्रिया के बंद होने पर उच्चतक बोली राशि (आरक्षित मूल्य से कम नहीं) जमा करने वाले बोलीकर्ता को आवश्यक सत्यापन के बाद प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संबंधित नीलामी प्रक्रिया के लिए सफल बोलीकर्ता घोषित किया जाएगा।

12. सफल बोली लगाने वाले की CMD को आंशिक बिक्री प्रतिफल के रूप में रखा जाएगा और असफल बोलीकर्ताओं की CMD वापस कर दी जाएगी। CMD पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। सफल बोलकर्ता को विक्रय मूल्य का 25% राशि पहले से भुगतान की गयी CMD को समायोजित करते हुए बोली मूल्य स्वीकार करने के 15 दिनों के अन्दर एवं शेष 75% राशि बोली मूल्य स्वीकार करने के 30 दिनों (या ऐसे विस्तारित अवधि के भीतर जो प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर और पूरी तरह से लिखित रूप में सहमत हो) के अन्दर जमा करना होगा। सफल बोलीकर्ता द्वारा भुगतान में चूक के मामले में, बोलीकर्ता द्वारा पहले से जमा की गई राशि को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से नीलामी के लिए रखा जाएगा और defaulter borrower का समान/राशि के संबंध में कोई दावा/अधिकार नहीं होगा।

13. सफल बोलीकर्ता की ओर से निर्धारित अवधि के भीतर बोली की शेष राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर पहले से भुगतान की गई राशि (CMD सहित) को जब्त कर लिया जाएगा। किसी भी आधार पर समय बढ़ाने के अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। उक्त समान की बिक्री के लिए आगे की कार्रवाई के लिए कार्यालय स्वतंत्र होगा।

14. इच्छुक बोलीकर्ता को एक अतिरिक्त व्यक्ति को नीलामी स्थल पर ले जाने की अनुमति इस शर्त के साथ दी जाएगी कि इच्छुक बोलीदाता अपने उचित आचरण, मर्यादा और नीलामी बिक्री के नियमों के पालन के लिए जिम्मेदार होगा, ऐसा न करने पर उसके द्वारा जमा की गई राशि CMD के रूप में जब्त किया जा सकता है।

15. वाहन, कानूनी शुल्क, स्टांप शुल्क और पंजीकरण शुल्क के सभी खर्च, जो भी लागू हो, केता द्वारा वहन किया जाएगा और केता द्वारा संबंधित अधिकारियों को भुगतान किया जाएगा।

16. संयुक्त आयकर आयुक्त, रेंज-1, धनबाद के पास बिना कोई कारण बताए सार्वजनिक नीलामी से किसी भी समय किसी भी समान को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित है। वे बिना कोई कारण बताए उच्चतम बोली सहित किसी भी बोली को अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित रखते हैं। ऐसी स्थिति में, पहले से भुगतान किया गया पैसा बिना किसी ब्याज के इच्छुक केता को वापस कर दिया जाएगा, जब तक कि उसे उपरोक्त के रूप में जब्त नहीं किया जाता।

O/o The I.T.O. Ward-II (I), Dhanbad

17. माननीय उच्च न्यायालय, राँची के पास नीलामी बिक्री के तहत या उससे संबंधित किसी भी मामले पर निर्णय लेने का विशिष्ट (exclusive) अधिकार होगा।

18. सामानों को उस स्थिति में बेचा गया माना जाएगा, जिस स्थिति में वे नीलामी बिक्री के समय थीं। उनके कब्जे लेने या हस्तांतरण विलेख पर हस्ताक्षर करने की तिथि से जो भी पहले हो, बेची गई समानों पर क्रेता का जोखिम होगा इसलिए उन्हें खरीदी गई समान प्राप्त करने के लिए उचित सावधानी बरतनी चाहिए।

19. इच्छुक क्रेता केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय प्राधिकरणों के मौजूदा नियमों का पालन करेंगे, जो कि समान पर लागू हो सकते हैं या कोई अन्य शर्ते, जो प्राधिकृत अधिकारी/नीलामी समिति द्वारा घोषित किए जाएंगे।

20. सभी बोलीकर्ताओं को बिक्री के शर्तो से परिचित माना जाएगा और इन शर्तो के अधिन अपनी बोली दी गयी समझा जाएगा।

O/o The I.T.O. Ward-II (I), Dhanbad

## तालिका 1 : सामानो की सूची

| कमांक | कोड | समान का विवरण | रिजर्व मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | A01 | 26 विंडो एसी | 52,000/- |
| 2 | A02 | 23 स्पलिट एसी | 57,500/- |
| 3 | A03 | 209 सिलिंग फैन | 41,800/- |

## तालिका 2 : सार्वजनिक नीलामी की सूची

| कमांक | कोड | सार्वजनिक नीलामी हेतु जगह | तिथि व समय | Caution Money Deposit (CMD) (रुपये में) | वृद्धिशील मूल्य (Incremental Value) (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | A01 | 26 विंडो एसी | 19.12. 2022, दोपहर 12:30 बजे | 5,200/- | 500/- |
| 2 | A02 | 23 स्पलिट एसी | 19.12. 2022, दोपहर 12:30 बजे | 5,750/- | 500/- |
| 3 | A03 | 209 सिलिंग फैन | 19.12. 2022, दोपहर 12:30 बजे | 4,180/- | 400/- |

O/o The I.T.O.
Ward-II (I), Dhanbad

तालिका 3 : सामानों की भौतिक निरीक्षण की सूची

| क्रमांक | कोड | निरीक्षण के लिए सम्पर्क व्यक्ति | तिथि व समय | सम्पर्क नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | A01 | जे. जे. अंसारी, आयकर अधिकारी-सह-सदस्य सचिव | 12.12.2022 से 13.12.2022 तक, सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक | 8986911631 |
| 2 | A02 | | | |
| 3 | A03 | | | |

O/o The I.T.O. Ward-II (1), Dhanbad

# सार्वजनिक नीलामी भागीदारी प्रपत्र/Public Auction Participation Form

To be submitted along with CMD, PAN Card & Identity Card (AADHAR, Voter ID, Driving Licence)

To

The Chairman, Departmental Aucition Committee, O/o Pr.CIT, Dhanbad-cum-Joint Commissioner of Income Tax, Range-1, LC Road, Aaykar Bhawan, 1st Floor, Dhanbad.

**Sub.: Request for Participation –reg.**

Respected Sir,

Please refer to the above I/We hereby request you to accept CMD amount as required by you and allow me/us to participate in the above auction.

I/We hereby accept & agree to abide by the said terms & Condition of Public Auction.

**From (Name of the Bidder)** ______________________________

**Name of the Bidder/Purchaser on whose behalf the Bid is to be made**______________________________

**PAN of the Bidder**____________________

**PAN of the Company (if applicable)**________________________

**ID No. (AADHAR/Voter ID/D.L.)**____________________________

**Address**____________________________________________

______________________________________________________

**Mobile No.**________________**Email ID**______________________

**Name of the Item along with Code No. for which the bidders wants to participate:**_____________________________________

**CMD DD Details:-**

| Item Code | DD/PO No. | Bank Name | Branch | Date | CMD Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

Signature of Authorized Signatory
With designation, name & rubber stamp